सिडनी डायलॉग

drishtiias.com/hindi/printpdf/the-sydney-dialogue

प्रिलिम्स के लिये:

सिडनी डायलॉग, प्रधानमंत्री जन-धन योजना, सामान्य सेवा केंद्र, क्रिप्टोकरेंसी

मेन्स के लिये:

सिडनी डायलॉग संबंधी प्रमुख विशेषताएँ और भारत द्वारा सूचीबद्ध परिवर्तन

चर्चा में क्यों?

हाल ही में प्रधानमंत्री ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से **सिडनी डायलॉग के उद्घाटन** में मुख्य भाषण दिया।

भाषण में उन्होंने भारत के प्रौद्योगिकी विकास और क्रांति के विषय पर बात की।

प्रमुख बिंदु:

- **मुख्य विशेषताएँ:**
  - अंतर्राष्ट्रीय आदेश के तहत यह सुनिश्चित करना चाहिये कि **क्रिप्टोकरेंसी** गलत हाथों में न जाए।
    - प्रधानमंत्री ने क्रिप्टोकरेंसी बाज़ार की अनियमित प्रकृति का हवाला देते हुए प्रगतिशील और दूरंदेशी कदम उठाने का आह्वान किया।
    - **भारत का अंतरिक्ष क्षेत्र निजी निवेश के लिये खुला** है और कृषि क्षेत्र डिजिटल क्रांति का लाभ उठा रहा है।
    - वर्ष 2020 में सरकार ने भारतीय अंतरिक्ष बुनियादी ढाँचे का उपयोग करने के लिये निजी कंपनियों हेतु एकसमान अवसर प्रदान करने के लिये **भारतीय राष्ट्रीय अंतरिक्ष संवर्द्धन और प्राधिकरण केंद्र (IN-SPACe)** खोला।
  - राजनीति, अर्थव्यवस्था और समाज को नए सिरे से परिभाषित करने वाली भारत की डिजिटल क्रांति के विकास पर प्रकाश डाला।

    हालाँकि डिजिटल युग संप्रभुता, शासन, नैतिकता, कानून, अधिकार और सुरक्षा पर नए सवाल उठा रहा है।

- **भारत द्वारा सूचीबद्ध पाँच महत्त्वपूर्ण परिवर्तन:**
  - पहला, भारत में **दुनिया का सबसे व्यापक सार्वजनिक सूचना ढाँचा** बनाया जा रहा है।
    1.3 बिलियन से अधिक भारतीयों के पास **एक विशिष्ट डिजिटल पहचान (आधार)** है और छह लाख गाँव जल्द ही ब्रॉडबैंड व दुनिया के सबसे कुशल भुगतान बुनियादी ढाँचे **यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस (UPI)** से जुड़ जाएंगे।
  - दूसरा, शासन, समावेश, सशक्तीकरण, कनेक्टिविटी, लाभ वितरण और कल्याण के लिये **डिजिटल प्रौद्योगिकी का उपयोग**।
    उदाहरण: प्रधानमंत्री जन-धन योजना (PMJDY), सामान्य सेवा केंद्र (CSC) आदि।
  - तीसरा, भारत के पास दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा और सबसे तेज़ी से बढ़ने वाला स्टार्टअप इकोसिस्टम है।
  - चौथा, भारत का उद्योग और सेवा क्षेत्र, यहाँ तक कि कृषि भी बड़े पैमाने पर डिजिटल परिवर्तन के दौर से गुज़र रही है।
    उदाहरण: गवर्नमेंट ई-मार्केटप्लेस (GeM), एग्री-स्टार्टअप आदि।
  - पाँच, यह भारत को भविष्य के लिये तैयार करने का एक बड़ा प्रयास है।
    - **5G** और 6G जैसी दूरसंचार प्रौद्योगिकी में स्वदेशी क्षमताओं के विकास हेतु निवेश करना।
    - भारत 'कृत्रिम बुद्धिमता' और 'मशीन लर्निंग' में अग्रणी देशों में से एक है, विशेष रूप से कृत्रिम बुद्धिमता के मानव-केंद्रित और नैतिक उपयोग के मामले में।
    - क्लाउड प्लेटफॉर्म और क्लाउड कंप्यूटिंग में मज़बूती के साथ क्षमताओं का विकास करना।

सिडनी डायलॉग:

- यह ऑस्ट्रेलियन स्ट्रेटेजिक पॉलिसी इंस्टीट्यूट' की एक पहल है।
- यह दुनिया में कानून व्यवस्था की स्थिति और डिजिटल डोमेन पर चर्चा करने के लिये साइबर और महत्त्वपूर्ण प्रौद्योगिकियों का एक वार्षिक शिखर सम्मेलन है।

अन्य संबंधित पहलें:

- **पूर्वी आर्थिक मंच:**
  - पूर्वी आर्थिक मंच (EEF) की स्थापना वर्ष 2015 में रूसी संघ के राष्ट्रपति द्वारा की गई थी।
  - यह विश्व अर्थव्यवस्था, क्षेत्रीय एकीकरण और नए औद्योगिक एवं तकनीकी क्षेत्रों के विकास के साथ-साथ रूस तथा अन्य देशों के समक्ष आने वाली वैश्विक चुनौतियों के प्रमुख मुद्दों पर चर्चा करने हेतु एक मंच के रूप में कार्य करता है।
- **फ्यूचर इन्वेस्टमेंट इनिशिएटिव:**
  - फ्यूचर इन्वेस्टमेंट इनिशिएटिव (FII) को व्यापक रूप से 'दावोस इन डेज़र्ट' के रूप में वर्णित किया गया है। यह सऊदी अरब का प्रमुख निवेश सम्मेलन है।
  - इसका अनौपचारिक नाम (दावोस इन डेज़र्ट) विश्व आर्थिक मंच की वार्षिक बैठक से निकला है, जो स्विट्ज़रलैंड के दावोस में आयोजित होती है, जहाँ विश्व के नेता अंतर्राष्ट्रीय मुद्दों पर चर्चा करते हैं।

स्रोत: पीआईबी